हिन्दुस्तान

1936

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

मंगलवार

28 अक्तूबर 2025, कार्तिक शुक्ल पक्ष, षष्ठी/सप्तमी, विक्रम संवत् 2082, बरेली



# टी-20 प्राइज मनी वूमन क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

- चार दिवसीय मुकाबले में रोज खेले जाएंगे दो मैच
- प्रत्येक टीम एक-दूसरे के साथ एक मैच खेलेगी

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से महिलाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पहली बार श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी वूमन क्रिकेट टूर्नामेंट-2025 का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट का शुभारंभ मंगलवार 28 अक्तूबर को सुबह नौ बजे एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और दिल्ली वुमन्स के बीच मुकाबले से होगा। प्रतियोगिता में दिल्ली, देहरादून, हल्द्वानी और एसआरएमएस एकेडमी की टीमें भाग लेंगी।

सभी मैच एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित श्रीराम मूर्ति क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। प्रतिदिन दो मुकाबले होंगे और तीन-तीन मैचों के आधार पर टॉप टू टीमों को फाइनल में खेलने का मौका मिलेगा। सभी मैच यूट्यूब चैनल एसआरएमएस ट्रस्ट पर लाइव प्रसारित होंगे। चार दिवसीय टूर्नामेंट में प्रत्येक टीम एक-दूसरे से एक-एक मैच खेलेगी। शीर्ष दो टीमें 31 अक्तूबर को फाइनल मुकाबला खेलेंगी। विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ ₹25000, रनर अप को ₹15000, जबकि प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट को ₹5000 का पुरस्कार मिलेगा। बेस्ट बैट्समैन और बेस्ट बॉलर को ₹2500-2500 की धनराशि दी जाएगी। प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच को ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने बताया कि यह टूर्नामेंट क्षेत्र की महिला खिलाड़ियों के लिए प्रतिभा प्रदर्शन का सुनहरा अवसर बनेगा।